**ओ. एस .डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, कैथल**

**प्रथम सत्रीय परीक्षा (2024-25)**


**विषय: हिंदी** **Set A**

**कक्षा : सातवीं**

**समय - 2 घंटे 20 मिनट** **अधिकतम अंक 60**

**सामान्य निर्देश -**

1) **इस प्रश्न पत्र के तीन खंड हैं - खंड क, ख, और ग**
2) **सभी खंड अनिवार्य हैं।**
3) **उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए, जो प्रश्न पत्र में दी गई है।**

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **खंड क**<br>**ग्राफ के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>**यह ग्राफ स्कूल स्टाफ के परिवहन के साधन व स्टाफ के सदस्यों की संख्या को दर्शाता है।**<br><br>क) कार से आने वाले स्टाफ के सदस्यों की संख्या कितनी है?<br>ख) स्कूल स्टाफ के कुल कितने सदस्य बस व साइकिल से आते हैं?<br>ग) किस परिवहन के साधन का सबसे कम प्रयोग स्टाफ के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है? | **1×3 =3** |
| प्रश्न 2 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>प्रदूषण एक घातक समस्या है। जनसंख्या की अधिकता तथा इसके लिए आवास की समस्या को हल करने के लिए वृक्षों की जिस तरह अंधाधुंध कटाई की जा रही है उससे प्रकृति भी नाराज होकर हमसे बदला लेती है ।आज शुद्ध जल, शुद्ध वायु का नितांत अभाव होता जा रहा है वायुमंडल में मिली जहरीले गैसे एक ऐसे विष का काम कर रही हैं जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को घुन की तरह खाए जा रही हैं।<br>क) प्रदूषण का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है<br>ख) पेड़ों के अंधाधुंध कटाई का क्या कारण है? | **1×2=2** |
| प्रश्न 3 | क) निम्न शब्दों के **वचन** बदलिए - कठिनाई ,पतंग<br>ख) निम्न शब्दों के **शुद्ध रूप** लिखिए- उज्जवल श्रृंगार<br>ग) निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – विलंब, पेयजल<br>घ) निम्न शब्दों के **विलोम** लिखिए - उपकार, उदय | **1**<br>**1**<br>**2**<br>**1** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न4 | **1)** 'बादल 'शब्द के दो **पर्यायवाची** शब्द लिखिए।<br>2) 'जान में जान आना' **मुहावरे** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।<br>3 निम्न **वाक्यांश** के लिए एक शब्द लिखिए: जो पर्वतों की चढ़ाई करें, जो चित्र बनाए ।<br>4) निम्न शब्द में **उपसर्ग व मूल शब्द** अलग कीजिए: निर्गुण<br>5) निम्न शब्द में **प्रत्यय व मूल शब्द** अलग करके लिखिए: निडरता | **1×5=5** |
| प्रश्न 5 | **1)**निम्न शब्दों की **भाववाचक संज्ञा** लिखिए: खुश, बच्चा<br>2) निम्न वाक्य में **सर्वनाम** शब्द रेखांकित भेद का नाम लिखिए : दाल में कुछ पड़ा हुआ है।<br>3) **विशेषण** शब्द रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए : छत पर दस कबूतर बैठे हैं।<br>4) निम्न वाक्यों में **क्रिया** शब्द रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए: पक्षी उड़ रहे हैं। | **1×4=4** |
| प्रश्न 6 | **खंड ख**<br>**निम्न काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**<br>समय सदा बलवान रहा, हर कोई समय से हारा।<br>जिसका समय से कदम मिला,रहा समय उसी का प्यारा ।<br>समय से पहले जो सोचे, जीवन में वही उठता है ।<br>इतिहास सिखाता हमें समझना ,समय सिखाता चलना ।<br>जीवन हमको सिखलाता है ,कभी न दिशा बदलना।<br>समय के दरिया में बहना,जीवन एक मुक्ता है।<br>1) इनमें से कौन सबसे बलवान है?<br>क) मनुष्य ख) आँधी -तूफान ग) समय घ) नदी<br>2) कभी दिशा न बदलने की सीख कौन देता है?<br>क) सागर ख) जीवन ग) समय घ) इतिहास<br>3) जो समय से पहले सोचता है वह<br>क) जीवन से उठ जाता है ख) जीवन भर पछताताहै<br>ग) धोखा खाता है घ) उन्नति करता है<br>4) जीवन को किसके समान बताया गया है?<br>क) मोती ख) दरिया ग) इतिहास घ) बलवान<br>5) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि कौन है?<br>क) महादेवी वर्मा ख) कबीर ग) रहीम घ) डॉ रामकुमार वर्मा | **1×5=5** |
| **प्रश्न 7** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>एक दिन मैं अपने परिवार के साथ आराम कर रहा था तभी दरवाजे पर किसी की आहट सुनाई दी ।मैंने बाहर जाकर देखा , मैले कपड़ों में एक बुढ़िया खड़ी थी , जो कि चेहरे से भिखारिन लग रही थी ।लाल रंग का कागज का टुकड़ा मेरी ओर बढ़ाती हुई बिलखकर रो उठी - मेरा बेटा बहुत बीमार है ।डॉक्टर ने बहुत महँगी दवा लिखी है ।मेरे पास पैसे नहीं हैं। कुछ सहायता कर दीजिए। भगवान आपका भला करेगा। मैं समझ गया, यह भीख माँगने का बहाना है ।अकसर लोग ऐसा करते हैं। | **1×5=5** |

| | | |
|---|---|---|
| | क) दरवाज़े पर आहट कब हुई ?<br>ख) दरवाज़े पर कौन था ?<br>ग) बुढ़िया की बातें सुन लेखक क्या समझ गया?<br>घ) बुढ़िया किस संकट में पड़ी थी?<br>ङ) गद्यांश के पाठ का नाम लिखिए। | |
| **प्रश्न 8** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्यों में दीजिए-**<br>क) जिसका समय से कदम मिला, रहा समय उसी का प्यारा ।इन पंक्तियों के माध्यम से क्या कहा गया है?<br>ख) बातूनी पाठ के आधार पर बताइए लेखक उस सज्जन से क्यों नहीं मिलना चाहता था?<br>ग) स्वामीनाथन के मित्रों के नाम लिखिए।<br>घ) राकेश ने नाटक में स्वयं अभिनय क्यों नहीं किया?<br>ङ) सयाल निर्मला की सहायता न करती तो क्या **होता?** | **2×5=10** |
| **प्रश्न 9** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन से चार वाक्यों में दीजिए-**<br>क) तन्मय ने गरीब बच्चों का पक्ष क्यों लिया होगा? इससे उसके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है ?<br>ख) अनेक कठिनाइयों का सामना करने के बाद एवरेस्ट शिखर पर पहुँच कर लेखक व उसके साथियों ने क्या किया? | **3×2=6** |
| प्रश्न 10 | **खंड ग**<br>आपके विद्यालय के बाहर गेट पर कुछ कटे फल और दूषित खाद्य पदार्थ बेचने वाले खड़े रहते हैं।इससे बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहती है ।अपने विद्यालय के प्रधानाचार्या को उन्हें हटाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। **अथवा**<br>नई पुस्तकें खरीदने के लिए रुपए भेजने का अनुरोध करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए। | **5** |
| **प्रश्न11** | आपके विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।इसकी सूचना सभी विद्यार्थियों को देनी है । सूचना बनाकर लिखिए। अथवा<br>आपका नाम राम/ रमा है।आप सातवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं। स्कूल में आपको किसी की पानी की बोतल मिली। इसकी सूचना सभी विद्यार्थियों को **देनी है। सूचना बनाकर लिखिए ।** | **5** |
| **प्रश्न12** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-**<br>विज्ञान वरदान या अभिशाप, खेलों का महत्व | **5** |

**ओ .एस. डी. ए. वी .पब्लिक स्कूल, कैथल**

**प्रथम सत्रीय परीक्षा (2024-25)**

**विषय : हिंदी** **SET- B**


**कक्षा : सातवीं**

**समय - 2 घंटे 20 मिनट** **अधिकतम अंक 60**

**सामान्य निर्देश - I. इस प्रश्न पत्र के तीन खंड हैं - खंड क, ख, और ग**

I. **सभी खंड अनिवार्य हैं।**

II. **उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए, जो प्रश्न पत्र में दी गई है।**

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | **खंड क**<br>**ग्राफ के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>**यह ग्राफ कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या और दिनों की संख्या को दर्शाता है।**<br><br><br>क) कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?<br>ख) सबसे कम संख्या किस दिन विद्यार्थियों की रही ?<br>ग)सोमवार व गुरुवार को कुल कितने विद्यार्थी कक्षा में आए? | **1×3 =3** |
| प्रश्न 2 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**<br>प्रदूषण एक घातक समस्या है। जनसंख्या की अधिकता तथा इसके लिए आवास की समस्या को हल करने के लिए वृक्षों की जिस तरह अंधाधुंध कटाई की जा रही है उससे प्रकृति भी नाराज होकर हमसे बदला लेती है ।आज शुद्ध जल, शुद्ध वायु का नितांत अभाव होता जा रहा है वायुमंडल में मिली जहरीले गैसे एक ऐसे विष का काम कर रही हैं जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य को घुन की तरह खाए जा रही हैं।<br>क) पेड़ों के अंधाधुंध कटाई का क्या कारण है?<br>ख) प्रदूषण का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? | **1×2=2** |
| प्रश्न 3 | क) निम्न शब्दों के **वचन** बदलिए - मिठाई, नदी<br>ख) निम्न शब्दों के **शुद्ध रूप** लिखिए- श्रीमति, कवियत्री<br>ग) निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें – स्वच्छंद , विलंब<br>घ) निम्न शब्दों के **विलोम** लिखिए - अपना, आकाश | **1**<br>**1**<br>**2**<br>**1** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 4 | **1** 'पवन 'शब्द के दो **पर्यायवाची** शब्द लिखिए।<br>2) **'माथा ठनकना'** मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।<br>3 निम्न **वाक्यांश** के लिए एक शब्द लिखिए : जो मीठा बोलता हो, जो चित्र बनाएँ ।<br>4) निम्न शब्द में **उपसर्ग व मूल शब्द** अलग कीजिए : दुर्गुण<br>5) निम्न शब्द में **प्रत्यय व मूल शब्द** अलग कीजिए : सुंदरता | **1×5=5** |
| प्रश्न 5 | **1)**निम्न शब्दों की **भाववाचक संज्ञा** लिखिए। : बुरा , लड़का<br>2) निम्न वाक्य में **सर्वनाम** शब्द रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए :<br>दूध में कुछ गिर गया।<br>3) निम्न वाक्य में **विशेषण** शब्द रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए :<br>पेड़ पर दो तोते बैठे हैं।<br>4) निम्न वाक्यों में **क्रिया** शब्द रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए:<br>मीना जोर से हँस पड़ी। | **1×4=4** |
| प्रश्न 6 | **खंड ख**<br>**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**<br>साथ समय के वर्षा आती, समय से गर्मी छाए।<br>आता समय शीत है लाता, बसंत समय पर आए।<br>समय इशारा जब करता ,तब ऋतु -चक्र मुड़ता है ।<br>कितना भी प्रयत्न करो पर,समय नहीं रुकता है।<br>कितने योद्धा हुए गए धरा पर, समय ने सबको मारा।<br>समय निकल गया तूफानों को, समय बना अंगारा।<br>समय के आगे ब्रह्मांड में, नहीं तूफान उठता है।<br>1) इनमें समय के साथ ही कौन आता है?<br>क) वर्षा ख) बसंत ग) जाड़ा घ)उपर्युक्त सभी<br>2) समय के इशारे पर कौन मुड़ता है?<br>क) सागर ख) बसंत ग) ऋतु चक्र घ)उपर्युक्त सभी<br>3) इन पंक्तियों में किसका महत्त्व बताया गया है?<br>क) योद्धाओं का ख) पृथ्वी का ग) समय का घ) ब्रह्मांड का<br>4) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि कौन है?<br>क) महादेवी वर्मा ख) डॉ० रामगोपाल वर्मा ग) कबीर घ) रहीम<br>5) बड़े-बड़े योद्धाओं को किसने मारा ?<br>क) समय ने ख) हथियारों ने ग) पृथ्वी ने घ) तूफानों ने | **1×5=5** |
| **प्रश्न 7** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**<br>वह एक छोटी बस्ती थी ।बस्ती में घुसते ही सबसे पहले घर का दरवाजा खटखटाया। एक बुढ़िया लालटेन लेकर बाहर आई। मैंने अपनी परेशानी कह सुनाई - रास्ते में मेरी मोटरसाइकिल खराब हो गई है, टीले के उस पार खड़ी है। अगर यहाँ कोई मिस्त्री मिल जाए तो मैं घर पहुँच जाऊँ। उस बुढ़िया ने अपने बेटे और पति को बुलाया ।उन्होंने कहा कि उस बस्ती में कोई मिस्त्री नहीं है। पास के गाँव से उनका बेटा बुला लाएगा। | **1×5=5** |

| | | |
|---|---|---|
| | क) पाठ का नाम लिखिए।<br>ख) लेखक ने दरवाजा क्यों खटखटाया?<br>ग) बुढ़िया के घर में कौन-कौन था?<br>घ) बुढ़िया के हाथ में क्या था?<br>ङ) टीला शब्द का अर्थ लिखिए। | |
| **प्रश्न 8** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्यों में दीजिए।**<br>क) स्वामीनाथन के मित्रों के नाम लिखिए ?<br>ख) समय पर काम करने से क्या लाभ होते हैं ?<br>ग) बातूनी पाठ के आधार पर बताइए लेखक ने सज्जन को क्या काम करने के लिए कहा और क्यों?<br>घ) यदि आप निर्मला की तरह किसी मुसीबत में फँस जाएँगे तो क्या करेंगे?<br>ङ) अगहन  नाच क्यों नचा देता है? | **2×5=10** |
| **प्रश्न 9** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन से चार वाक्यों में दीजिए-**<br>क)  हिलेरी की चिमनी लेखक के लिए चिंता का विषय क्यों थी?<br>ख) तन्मय ने गरीब बच्चों का पक्ष क्यों लिया होगा? इससे उसके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है? | **3×2=6** |
| प्रश्न 10 | **खंड ग**<br>आपके विद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था अच्छी नहीं है। पानी की टंकियाँ गंदी पड़ी हैं और नल टूटे पड़े हैं ।विद्यालय में पानी की व्यवस्था ठीक करने के लिए प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखें।<br>**अथवा**<br>अपने सखी / मित्र को उसके जन्मदिन पर उपस्थित न होने का कारण बताते हुए पत्र लिखिए। | **5** |
| **प्रश्न11** | आपके विद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर कविता प्रतियोगिता  का आयोजन किया जा रहा है ।इसकी सूचना  सभी विद्यार्थियों को देनी है । **सूचना** बनाकर लिखिए।           अथवा आपका नाम रजत है ।आप सातवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं। स्कूल में आपको गिरा हुआ कीमती पेन मिला है। इसकी सूचना सभी विद्यार्थियों को देनी है। **सूचना** बनाकर लिखिए । | **5** |
| **प्रश्न12** | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **अनुच्छेद** लिखिए-<br>खेलों का महत्व**,** कंप्यूटर का हमारे जीवन में महत्व। | **5** |

**ओ .एस .डी. ए .वी पब्लिक स्कूल, कैथल**
**अर्धवार्षिक परीक्षा (2024-25)**
**विषय हिंदी**
**कक्षा सातवीं**
**Set -A**

**अधिकतम अंक 60**

**निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।**

| **उत्तर** | **अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु**<br>**खंड -क** | Marks |
|---|---|---|
| 1 | क) 3<br>ख)8<br>ग) साइकिल | 1×3=3 |
| 2 | क) शुद्ध जल, शुद्ध वायु का नितांत अभाव होता जा रहा है।<br>ख) जनसंख्या की अधिकता और आवास की समस्या। | 1×2=2 |
| 3 | क) कठिनाइयाँ, पतंगें<br>ख) उज्ज्वल, शृंगार<br>ग) देर, पीने वाला पदार्थ+वाक्य<br>घ) अपकार,अस्त | 1<br>1<br>2<br>1 |
| 4 | 1) मेघ,जलधर,वारिद,जलद<br>2) राहत मिलना+ वाक्य<br>3) पर्वतारोही, चित्रकार<br>4) उपसर्ग - निर्, मूल शब्द -गुण<br>5) मूल शब्द निडर, प्रत्यय - ता | 1×5=5 |
| 5 | **1) खुशी,बचपन**<br>**2) कुछ - अनिश्चयवाचक**<br>**3) दस - निश्चित संख्यावाचक**<br>**4) उड़ रहे हैं - अकर्मक क्रिया** | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | **खंड- ख**<br>**1) समय**<br>**2) जीवन**<br>**3) उन्नति करता है**<br>**4) मोती**<br>**5) डॉ० रामगोपाल वर्मा** | 1×5=5 |
| 7 | **क) जब लेखक आराम कर रहा था।**<br>**ख) बुढ़िया ।**<br>**ग) यह भीख माँगने का बहाना है।**<br>**घ) उसका बेटा बहुत बीमार था, उसके पास इलाज केलिए पैसे नहीं थे।**<br>**ङ) उस रात की बात।** | 1×5=5 |
| 8 | क) इन पंक्तियों के माध्यम से कवि कहना चाहता है कि जिसने भी समय के महत्व को समझा, उसका सदुपयोग किया, वही व्यक्ति जीवन में सफल हुआ।<br>ख) लेखक उस सज्जन से इसलिए नहीं मिलना चाहता था क्योंकि वह सज्जन बिना बात के लेखक को अपनी अनावश्यक बातों में उलझा कर उसका ज्यादा समय खराब कर देता था। उन बातों से लेखक का ज्यादा कुछ सरोकार नहीं होता था।<br>ग) राजम, मणि ,मटर, शंकर<br>घ) राकेश के हाथ में फुटबॉल खेलते समय चोट लगी थी ।उसे पट्टी के द्वारा अपना हाथ गर्दन के सारे लटकाए रखना पड़ता था। इसलिए वह स्वयं अभिनय नहीं कर रहा था।<br>ङ) यदि सयाल निर्मला की सहायता नहीं करती तो अजगर उसको अपना शिकार बनाकर निगल जाता क्योंकि वह साँप की पकड़ में आ चुकी थी। | 2×5=10 |
| 9 | क) तन्मय ने गरीब बच्चों का पक्ष इसलिए लिया होगा क्योंकि तन्मय जानता था कि गरीब बच्चों ने कोई चोरी नहीं की।वे बेकसूर हैं ।इससे उसके गरीब बच्चों के प्रति संवेदनशील और दयालु होने ,सच्ची बात कहने ,साहसी होने और अन्याय का विरोधी होने का पता चलता है।<br>ख) लेखक और उसके साथियों ने एक -दूसरे की पीठ थपथपाई।उन्होंने भगवान का धन्यवाद किया। रावत ने झुक कर शिखर पर दुर्गा की मूर्ति रख धूप जलाई, लेखक ने गुरु नानक का एक फोटो और माला रखी । फू दोरजी ने चाँदी का लॉकेट रखा, जिसमें दलाई लामा का फोटो लगा था। | 3×2=6 |
| 10 | **खंड ग**<br>**पत्र लेखन**<br>• **प्रारूप संबंधी औपचारिकताएँ**<br>• **विषय वस्तु**<br>• **भाषा शुद्धता** | <br><br>1<br>3<br>1 |
| 11 | **सूचना लेखन**<br>•**वि षय वस्तु**<br>• **अभिव्यक्ति**<br>• **भाषयी शुद्धता** | <br>3<br>1<br>1 |
| 12 | अनुच्छेद लेखन<br>• **विषय वस्तु** | 2<br>3 |

| | | |
|---|---|---|
| | • अभिव्यक्ति<br>• भाषयी शुद्धता | 1<br>1 |
| | | |
| | | |

**ओ .एस .डी. ए .वी पब्लिक स्कूल, कैथल**
**अर्धवार्षिक परीक्षा (2024-25)**
**विषय हिंदी**
**कक्षा सातवीं**
**Set -B**

**अधिकतम अंक 60**

**निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।**

| **उत्तर** | **अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु**<br>**खंड -क** | अंक |
|---|---|---|
| 1 | क) 8<br>ख) बुधवार<br>ग) 8 | 1×3=3 |
| 2 | क) जनसंख्या की अधिकता और आवास की समस्या ।<br>ख) शुद्ध जल, शुद्ध वायु का नितांत अभाव। | 1×2=2 |
| 3 | क) मिठाइयाँ, नदियाँ<br>ख) श्रीमती, कवयित्री<br>ग) आज़ाद , देर से +वाक्य<br>घ) पराया ,पाताल | 1<br>1<br>2<br>1 |
| 4 | 1) हवा, समीर, अनिल, वायु<br>2) मुसीबत का आभास होना + वाक्य<br>3) मधुरभाषी,चित्रकार<br>4) उपसर्ग - दुर् , मूल शब्द -गुण<br>5) मूल शब्द सुंदर, प्रत्यय - ता | 1×5=5 |
| 5 | **1) बुराई, लड़कपन**<br>**2) कुछ - अनिश्चयवाचक**<br>**3) दो - निश्चित संख्यावाचक**<br>**4) हँस पड़ी - अकर्मक क्रिया** | 1×4=4 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | **खंड- ख**<br>**1) उपर्युक्त सभी**<br>**2) ऋतुचक्र**<br>**3) समय का**<br>**4) डॉ रामगोपाल वर्मा**<br>**5) समय ने** | 1×5=5 |
| 7 | **क) उस रात की बात।**<br>**ख) रास्ते में उसकी मोटरसाइकिल खराब हो गई थी।**<br>**ग) बुढ़िया का बेटा और पति**<br>**घ) लालटेन**<br>**ङ) ऊँचा स्थान** | 1×5=5 |
| 8 | क) राजम, मटर ,मणि ,शंकर<br>ख) समय पर काम करने से काम में सफलता मिलती है। इंसान मजाक का पात्र बनने से बच जाता है ।<br>ग) लेखक ने सज्जन को एक लिफ़ाफ़ा पोस्ट ऑफिस में छोड़ने के लिए कहा क्योंकि पोस्ट ऑफिस बंद होने का समय हो रहा था और सज्जन के पास साइकिल थी।<br>घ) मैं शांत मन से बिना घबराए मुसीबत से बाहर निकलने का उपाय सोचूँगा ।यदि कोई आस -पास है तो उसे भी सहायता के लिए पुकारूँगा।<br>ङ) अगहन महीने में बहुत सर्दी पड़ती है ।लोग सर्दी के मारे काँपने लगते हैं ।पानी बर्फ- सा ठंडा हो जाता है। इसलिए अगहन नाच नचा देता है। | 2×5=10 |
| 9 | क) हिलेरी की चिमनी लेखक के लिए चिंता का विषय इसलिए थी क्योंकि यह चिमनी चट्टान और बर्फ के ढेर के बीच 13 मीटर सीधी खड़ी थी। इस पर चढ़ने में कठिनाई होती थी क्योंकि यहाँ पर हाथ -पैर रखने की कोई जगह नहीं थी।चिकनी होने के कारण यह चिंता का विषय बनी हुई थी।<br>ख) तन्मय ने गरीब बच्चों का पक्ष इसलिए लिया होगा क्योंकि तन्मय जानता था कि गरीब बच्चों ने कोई चोरी नहीं की।वे बेकसूर हैं ।इससे उसके गरीब बच्चों के प्रति संवेदनशील और दयालु होने ,सच्ची बात कहने ,साहसी होने और अन्याय का विरोधी होने का पता चलता है। | 3×2=6 |
| 10 | **खंड ग**<br>**पत्र लेखन**<br>• **प्रारूप संबंधी औपचारिकताएँ**<br>• **विषय वस्तु**<br>• **भाषा शुद्धता** | <br><br>1<br>3<br>1 |
| 11 | **सूचना लेखन**<br>•**वि षय वस्तु**<br>• **अभिव्यक्ति**<br>• **भाषयी शुद्धता** | <br>3<br>1<br>1 |
| 12 | अनुच्छेद लेखन<br>● **विषय वस्तु** | <br>3 |

| | | |
|---|---|---|
| | • **अभिव्यक्ति**<br>• **भाषयी शुद्धता** | **1**<br>**1** |
| | | |
| | | |